नईदुनिया

तीन दवाइयां नकली मिली, दोषियों के खिलाफ नहीं हुई एफआईआर

Updated: | Sat, 12 Jul 2014 07:32 AM (IST)

प्रदेशभर में बीते साल भर में तीन नकली दवाएं बरामद हुईं जिनकी मात्रा लगभग 2 लाख 77 हजार 700 गोलियां एवं बाटल हैं।

भोपाल (ब्यूरो)। प्रदेशभर में बीते साल भर में तीन नकली दवाएं बरामद हुईं जिनकी मात्रा लगभग 2 लाख 77 हजार 700 गोलियां एवं बाटल हैं। यह जानकारी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने शुक्रवार को विधानसभा में विधायक निशंक कुमार जैन के सवाल के जवाब में दी।

उन्होंने बताया यह दवाइयां सतना, जबलपुर और सिहोर से जप्त की गई थी। सभी की प्रयोगशाला में जांच करवाई गई तो यह अमानक स्तर की पाई गई। हालांकि वे इस बात का जवाब नहीं दे पाए कि दोषी कंपनियों के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं हुई। कब तक हो जाएगी।

इस सवाल के जवाब में मंत्री मिश्रा ने कहा जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने दवाइयों में निर्माता का नाम होने के बजाय पिनकोड नंबर लिखे जाने की बात पर कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अमानक स्तर की कितनी दवाइयां बाजार में वितरित हो चुकी है इसकी जानकारी भी उनके पास नहीं है।

कहां कितनी दवाइयां नकली

जिला-प्रयोगशाला में अमानक पाई गई-निर्माता का नाम- दवाइयों की मात्रा

सतना-मिथाईलडोपा-जेक्सन लैब-2,16000

जबलपुर-सिपरोफ्लॉसॉसिन-डी.जे-लैब-3200

सीहोर-निफेडिपिन-एनॉड फार्मा-58500

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/bhopal-the-three-drugs-were-fake-fir-against-the-perpetrators-did-not-138394